संक्षिप्त

भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

टोंक। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की सहमति से जिला कार्यकारिणी की घोषणा की हैं। जिसके अन्तर्गत प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, संतकुमार जैन को जिला महामंत्री, शैलेन्द्र चौधरी, रामचंद्र गुर्जर, राजेन्द्र सिंह राणावत, रमाकांत शर्मा, राजेन्द्र सैनी उर्फ बबलू टैंकर, ममता जाट, प्रधान काबरा, राजेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष,बीना छामुनिया, तरूण टिक्कीवाल ,शीला मीणा, राधेश्याम चावला, रामकिशन गुर्जर, हरिराम यादव, शकुंतला वर्मा, नीलिमा आमेरा को जिला मंत्री,महेंद्र सिरोठा कोषाध्यक्ष,मोनिका जैन सह कोषाध्यक्ष,रतिराम पहाड़िया, योगेंद्र सिंह नाथावत, जूली शर्मा, विजय मालवानी, शिवसिंह मीणा प्रवक्ता, ओमप्रकाश पाण्डे कार्यालय मंत्री, शम्भू शर्मा सह कार्यालय मंत्री, कमलेश यादव मीडिया प्रभारी, हेमन्त सैनी सह मीडिया प्रभारी, गणेश सैनी सोशल मीडिया प्रभारी,बलवंत मराठा सह सोशल मीडिया प्रभारी, लोकेश गुप्ता आई टी सेल संयोजक, आरव सिसोदिया आई टी सेल सहसंयोजक बनाया है।

सरपंच पर लापरवाही का आरोप

मनोहरपुर। नवलपुर में आम रास्ते में कटाव लगने और कस्बे के मुख्य मार्गो पर लाइट बंद होने से नाराजगी भी जाहिर की थी और ग्रामीणों ने शुक्रवार को आम रास्ते के कटाव लगने से नाराजगी जाहिर की है।जिसका मामला सोशल मीडिया के एक ग्रुप पर सरपंच के विकास करवाने का मामले को लेकर नाराजगी का वायरल हो रहा है। जानकारी अनुसार नवलपुरा ग्राम पंचायत से मनोहरपुर जाने वाले आम रास्ते की दुर्दशा ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बरसात के कारण रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और मिट्टी में कटाव ने रास्ते को और भी खराब कर दिया है।जबकि लोगो का कहना है कि स्थानीय लोग राकेश कुमार सैनी, कृष्ण योगी सहित कई लोगों ने नाराजगी जाहिर करते कहा कि इस आम रास्ते को लेकर कई बार सरपंच को अवगत करवा चुके हैं पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने नवलपुर ग्राम पंचायत के सरपंच पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि सरपंच ने विकास की बातें तो की थीं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं किया। ग्राम पंचायत की उदासीनता के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में रास्ते की खराब स्थिति ने लोगों के लिए आवागमन को मुश्किल बना दिया है।

ऑयल से भरा टैंकर पलटा, फैला ऑयल

मानपुरा माचेडी। दिल्ली जयपुर हाइवे पर चंदवाजी की बायपास पुलिया के पास शुक्रवार तड़के ऑयल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा सैंकड़ों लीटर तेल सड़क पर फैल गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और तेल लूटने लगे। हाइवे का यातायात 3 घण्टे बाधित रहा।जानकारी के अनुसार चालक प्रताप सिंह ऑयल से भरा टैंकर लेकर गुजरात से हरियाणा जा रहा था। सुबह तड़के करीब 3 बजे दिल्ली जयपुर हाइवे पर चंदवाजी के पुलिया के पास पहुंचने पर टैंकर अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया। हादसे के बाद हाइवे पर टैंकर में भरा ऑयल निकलने लगा। टैंकर से ऑयल निकलता देख बड़ी संख्या में ग्रामीण वाहनों से मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बाल्टियों, ड्रमों, केनों और अन्य बर्तनों में ऑयल भरना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही चंदवाजी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू किए।

मूसलाधार बारिश दुकानों में घुसा पानी

श्रीमाधोपुर। शहर में शुक्रवार सुबह 9:30 बजे से 45 मिनट तक तेज मूसलाधार बारिश हुई। शुक्रवार को 33 एमएम बारिश दर्ज की गई। वही तेज बारिश से शहर के निचले इलाकों की गलियों में जलभराव हो गया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

जिला कलेक्टर ने सफाई व इटली जोहड़ पर लगाए पंप सेट का निरीक्षण किया

- ड्रेनेज सिस्टम, कचरा संग्रहण व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिए निर्देश
- आमजन को साफ-सफाई से संबंधित परेशानी नहीं होनी चाहिए, सफाई कर्मियों को पाबंद कर नियमित सफाई सुनिश्चित करें : प्रियंका गोस्वामी

जिला कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

कोटपुतली। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने शुक्रवार को शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कोटपूतली नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट के साथ शहर का भ्रमण किया एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से अठासेन तिराहा एवं मुख्य बाजार होते हुए लक्ष्मी नगर में सफाई कार्य एवं इटली जोहड़ पर लगाए पंप सेट का निरीक्षण किया एवं पुतली रोड होते हुए पुलिस थाने से चतर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया. उन्होंने सड़क पर सफाई, रोड लाइट्स एवं सीवरेज प्रणाली के संबंध में जायजा लेते हुए नगर परिषद आयुक्त को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने, नियमित रूप से वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने एवं मच्छर व मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग व दवा छिड़काव का कार्य करवाए जाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मानसून के मद्देनजर शहर में नालों एवं नालियों के ओवरफ्लो होकर सड़कों पर जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए स्थाई व पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें, ड्रेनेज सिस्टम बेहतर करें, स्वीकृत निर्माण कार्य समयबद्ध गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, कचरा संठाहण के लिए कचरा गाड़ी की नियमित आवाजाही की मॉनिटरिंग करें, आवश्यक स्थानों पर कचरा पात्र रखवाएं एवं नियमित खाली करवाएं. उन्होंने कहा कि परिषद अपने सफाई कर्मियों को पाबंद करते हुए सड़क के किनारे पड़े कचरे को नियमित उठवाएं, नालियों में उगे हुए झाड़ को साफ करवाएं जिससे पानी का फ्लो रुके नहीं. उन्होंने शहर के पार्कों के उचित रख रखाव, पेड़ों की देखभाल, शौचालयों की सफाई आदि के संबंध में सजगता से कार्य करने व फील्ड में नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट देने को कहा।

नगर परिषद आयुक्त ने इटली जोहड़ पर लगे पंप सेट के आस पास के क्षेत्र में किए जा रहे सफाई कार्य की जानकारी देते हुए हुए बताया की इटली जोहड़ को सरकार की अमृत सरोवर 2.0 योजना में शामिल करते हुए कार्यादेश जारी कर इसकी सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा. उन्होंने शहर में ड्रेनेज सिस्टम, सफाई कर्मी, उपलब्ध सफाई मशीनरी की विस्तार से जानकारी दी एवं शहर के गंदे पानी कि समस्या के समाधान के लिए चतुर्भुज में एसटीपी के निर्माण के लिए स्वीकृत भूमि का जायजा कराया एवं की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने शहर के लोगों से संवाद कर साफ-सफाई एवं अन्य समस्याओं पर फीडबैक लेकर संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए समस्याओं के तुरंत निस्तारण के निर्देश आयुक्त को दिए. इस दौरान एक्सईएन दीपक मीणा भी मौजूद रहे।

सड़क पर बैठी गायों को डम्पर ने कुचला

टोंक। मालपुरा थाना क्षेत्र के गणवर पर स्थित दूदू-छान स्टेट हाइवे पर बजरी से भरे डंपर ने सड़क पर बैठी गायों को कुचल दिया, हादसे में एक गाय की मौके पर ही मौत तथा तीन गाय घायल हो गई। रोड पर पड़ी घायल गायों और मृत गाय से हाइवे पर जाम लग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार सुबह 5 बजे का बताया जा रहा है, बाद में मौके पर काफी लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी। जहां मालपुरा थाना प्रभारी चेनाराम जाट मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और गौशाला से कर्मचारियों को बुलाया।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रमेश कुमार पुत्र श्री भौरीलाल, जाति जोगीनाथ, उम्र-63 वर्ष, निवासी-134, श्याम मार्ग, ओम शिव कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर का पुत्र यश पाण्डे मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने मे नही है। मेरे अभिभाष्य द्वारा पुत्र को समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था से मेरा पुत्र किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो वह स्वंय एवं व्यक्ति/संस्था स्वंय जिम्मेदार होगें। इसमे मेरे अभिभाष्य का कोई सरोकार नही है।
जयपुर (विजय कुमार गौड़) एडवोकेट
दिनांक :-27/6/2025 मो.नं-9509647123

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री जवाहर लाल पुत्र स्व. श्री चन्द्रप्रकाश निवासी जयपुर का रहने वाला हूं। मेरे अभिभाष्य द्वारा मकान नंबर-782 नाहरी का नाका पूर्व योजना शास्त्री नगर, रामनगर, जयपुर को जिसकी जरिये हकत्याग से श्रीमती पतासी देवी पत्नी स्व. श्री रामकिशन जी से क्रय किया गया है तथा किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में मेरे अधिवक्ता के उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क करे। सूचित रहें।
जयपुर (लोकेश शर्मा), एडवोकेट
दिनांक 27.6.2025 मो. 9782381401

खोया पाया
मेरा Plot No. I-5, अभिनव विहार विस्तार JDA, जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। अमित यादव-9828233889

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम योगेश से बदलकर योगेश अनेजा रख लिया है। योगेश अनेजा तथा योगेश उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के है। भविष्य में मुझे योगेश अनेजा पुत्र श्री ज्ञान प्रकाश के नाम से जाना जाये। निवासी-828 फ्रन्टियर कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर-302004

I, Rattan Kanwar, mother of No. 2710957L Rank Nk Dashrath Singh (19 Grenadiers), have changed my name from Ratan Kanwar to Rattan Kanwar and date of birth from 01.01.1972 to 07.05.1970. Both refer to the same person.

न्यायालय तहसीलदार, तहसील चौमूं, जिला- जयपुर (राज.)
क्रमांक/भू.अ./2025/3995 [आपत्ति नोटिस] दिनांक:- 26.06.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय में श्री मालीराम शर्मा पुत्र लादूराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी अनन्तपुरा द्वारा ग्राम बड़कोलाई रामनगर के वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 42 स्थित किता 22 रकबा 5.70 हेक्टेयर का हिस्सा 3/18 खाता संख्या 72 स्थित किता 4 रकबा 0.52 हेक्टेयर का हिस्सा 1/3 खाता संख्या 41 स्थित किता 1 रकबा 0.15 हेक्टेयर का हिस्सा 1/6 के खातेदार रामू उर्फ रामलाल पुत्र गंगाबक्स द्वारा करवाई गई वसीयत दिनांक 27.09.2011 के आधार पर अपने नाम नामान्तरकरण खुलवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है मृतक खातेदार रामू उर्फ रामलाल पुत्र गंगाबक्स की खातेदारी भूमि ग्राम बड़कोलाई रामनगर में उपरोक्तानुसार दर्ज रिकार्ड है। उक्त भूमि का प्रार्थी वसीयत के आधार पर अपने हक में नामान्तरकरण खुलवाने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र जेरकार है जिसके सम्बन्ध में प्रक्रिया न्यायालय में विचाराधीन चल रही है। अतः हर आम व खास एवं सम्पत्ति में हितबद्ध रखने वाले को पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इसमें यदि किसी को भी कोई उज्र या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर इस न्यायालय में कार्य दिवस को व्यक्तिशः अथवा जरिये अभिभाषक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दस्तावेज प्रस्तुत करें निर्धारित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी और विचाराधीन प्रकरण में निर्णय पारित कर पत्रावली निर्णित कर दी जावेगी। यह आपत्ति नोटिस आज दिनांक 25.6.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रांक से जारी किया गया है। तहसीलदार, चौमूं, तह. चौमूं

आम सूचना रामेश्वर शर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र शर्मा, उम्र-60 वर्ष, जाति-ब्राह्मण, निवासी बी-54, ईमली वाला फाटक, सहकार मार्ग, जयपुर (राजस्थान) ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, जयपुर की योजना इन्द्रा गांधी नगर, बगराना, आमरा रोड़, जयपुर के भूखण्ड संख्या 31 एवम् 31ए प्रत्येक का क्षेत्रफल 88.8 वर्गगज के डुप्लीकेट दस्तावेज हेतु आवेदन किया, साथ ही भूखण्डो की फोटो प्रतियाँ, शपथ पत्र, बन्ध पत्र व पुलिस रपट समिति कार्यालय मे प्रस्तुत किये गये तथा उक्त भूखण्डो के डुप्लीकेट दस्तावेजात् हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्डो के डुप्लीकेट दस्तवेजात् के सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय मे या मेरे कार्यालय मे उक्त सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि मे सम्पर्क करे: अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्डो के डुप्लीकेट दस्तावेज जारी कर दिये जायेगे, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड) एडवोकेट
मोबाईल नं. 9314511091

कार्यालय नगर निगम, जयपुर, हैरिटेज
हवामहल के पास, बड़ीचौपड़, जयपुर, राजस्थान-302002
क्रमांक: एच-4( )राजस्व/प्रथम/हाइट/जनरल/हैरिटेज/2025/127-128 दिनांक : 26.06.2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इण्डस टावर्स लिमिटेड द्वारा नगर निगम जयपुर की सीमा के अन्तर्गत नवीन GBM मोबाइल टॉवर स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका विवरण अधोलिखित है।

S. No.	Site ID	Long/Lat.	Address
1	IN 3334222	26.920359600/ 75.8346810	On Divider, Opp Shop No.403, Ghar Darwaja Bazar Road, Near Ramganj Chopad, Ward No.79, Jaipur

अतः उक्त स्थान पर मोबाईल टॉवर स्थापित करने हेतु किसी संस्था, व्यक्ति या अन्य किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्ति कारण एवं दस्तावजों सहित आपत्ति 07 दिवस में निगम कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।
उपायुक्त राजस्व (प्रथम) - नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 4601 दिनांक 18.6.25
जाहिर आम-सूचना
राजस्थान आवासन मंडल की प्रताप नगर योजना में आवास संख्या 264/244-B (EWS), (एरिया 50.625 वर्गमीटर), का आवंटन श्री धमेन्द्र नायक पुत्र स्व. श्री छोटू लाल नायक को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8317 दिनांक 04.12.2005 के द्वारा जारी कियया गया था। श्री धमेन्द्र नायक के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 25.05.2011 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री धमेन्द्र नायक द्वारा श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हुक्म चन्द अग्रवाल को दिनांक 25.05.2011 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल द्वारा मुख्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 05.01.2012 के द्वारा श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री घडसी राम को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-अष्टम के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री घडसी राम द्वारा आवास मंडल में उक्त आवास में अपना नाम मंडल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तानारण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुएकि मंडल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री घडसी राम का नाम मंडल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज. आवास. मंडल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लाट नं. डी-1, कृष्णा नगर-1, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 188.88 वर्गगज है, उक्त सम्पति का पट्टा विलेख जेडीए जयपुर द्वारा दिनांक 16.3.2005 को ज्ञानचंद वधवा के हित में जारी किया गया था, ज्ञानचंद वधवा का स्वर्गवास 3.4.2020 हो गया एवं उनके पुत्र चंदर प्रकाश वधवा का स्वर्गवास दिनांक 17.1.2021 को हो गया ज्ञानचंद वधवा के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में उनकी पत्नी कौशल्या वधवा पुत्र नरेन्द्र वाधवा, विनोद वधवा पुत्री प्रिया मलिक एं चंदर प्रकाश वधवा के वारिसान में उनकी पत्नी नीता वधवा पौत्र दीपांशु वधवा व पौत्री वर्षा वधवा उनके हिस्से के संयुक्त रूप से उत्तराधिकारी हुये, तत्पश्चात नरेन्द्र वाधवा, विनोद कुमार वधवा, प्रिया मलिक, नीता वाधवा, वर्षा वाधवा, दीपांशु वाधवा ने उक्त वर्णित सम्पत्ति में अपने-अपने अविभाजित हिस्से का हकत्याग जरिये हक त्याग पत्र दिनांक 15.3.2025 द्वारा कौशल्या वधवा के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार कौशल्या वधवा उक्त सम्पत्ति की एकमात्र रूप से मालकिन, स्वामीनी, अधिकारीणी व काबिज है। अब रेवती रमन टिकर एवं सुमन टिंकर उक्त सम्पति को क्रय कर रहे है जिस बाबत मेरे अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Bank Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
KEDAR RAM, Advocate
Rajasthn High Court, Jaipur

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर -0141-4901853
क्रमांक-1773 दिनांक-05/05/25
आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 14/197 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 122.40 वर्ग मीटर का आवंटन श्री अवधेश चन्द्र उपाध्याय को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 869 दिनांक 30/04/1992 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 08.08.1995 को करवाया गया। श्री अवधेश चन्द्र उपाध्याय की मृत्यु दिनांक 26.01.2023 को हो जाने के कारण श्रीमती अनुराधा चतुर्वेदी पत्नी श्री आनन्द चतुर्वेदी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की रसीद की प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा (इच्छा पत्र) की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती अनुराधा चतुर्वेदी पत्नी श्री आनन्द चतुर्वेदी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सहायक कलेक्टर फास्ट ट्रेक आमेर स्थान मुख्यालय जयपुर
मंदिर श्री ठाकुर जी विरुद्ध आशा देवी व अन्य
वाद बाबत घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 92/2022
टी आई संख्या 71/2022
बनाम
1. टीनू पुत्री स्व. श्री सरदार पत्नी राजेश, निवासी शिवपुरी टोडी (फार्म वाली ढाणी के पास), पोस्ट मनोहरपुर, तहसील शाहपुरा, जिला जयपुर।
2. सावित्री पुत्री मुरलीधर पत्नी जयपाल यादव, निवासी मु.पो. लखेर, तहसील आमेर, जिला जयपुर
वादी ने आपके विरुद्ध घोषणा व स्थाई निधाज्ञा के लिए वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 30.6.25 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तरदेने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 26.6.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
रीडर
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर
मुख्यालय जयपुर

गर्मी में बिजली कटौती से आमजन परेशान

पावटा। बिजली कटौती एक सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन यह कुछ घंटों तक हो तो ठीक है लेकिन यदि पूरे 24 घंटें तक बार-बार बिजली कटौती जारी रहे तो बात हैरानी वाली नजर आती है। उपखंड पावटा मुख्यालय पर रविवार शाम से सोमवार दोपहर तक बार-बार बिजली कटौती जारी रही। गांवों में तो और भी हालात विकट हो गए हैं।

रविवार को अधिकतर गांव रातभर अंधेरे में डूबे रहे। सोमवार दिन में भी बार-बार बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पावटा कस्बे में गत रात लगातार करीब पांच घंटे तक बिजली कटौती रही। इसके अलावा बीच-बीच में भी बिजली कटौती का दौर जारी रहा। बिजली विभाग है कि बारिश व लाइन फॉल्ट का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहा है। पावटा कस्बा सहित क्षेत्र में डिस्कॉम द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती ने पेयजलापूर्ति को भी बिगाड़ दिया है। वही ग्रामीण हनुमान प्रसाद पांचाल, गाड़ाराम गुर्जर, प्रेम सिंह कैलाश गुर्जर, लीलाराम गुर्जर, बनवारी लाल गुर्जर, रामावतार गुर्जर, रामावतार प्रजापति, मालाराम कुम्हार, बनवारी लाल कुम्हार, ख्याली राम कुमार, लीलाराम हवलदार सहित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम टोरडा गुजरान में बीते 15 दिनों से लाइट और पानी के लिए ग्रामीण परेशान है। श्री फेस की लाइट ना आने के कारण पानी सप्लाई बंद है। गांव में ना तो कोई नल की सुविधा है ना कोई हेडपंप की सुविधा है । पानी के लिए जाएं तो भी कहां जाएं पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ऊपर से यह गर्मी का मौसम जिसमें ना लाइट आती है ना पानी आता है। 24 घंटे में लाइट सिंगल फेस भी चार या पांच घंटे आ रही है । पूरे दिन भर लाइट कटौती होती है । रात में भी 3 घंटे 4 घंटे लाइट आती है जिससे सभी परेशान हैं। इस मामले में सहायक अभियंता संजीव जाखड ने बताया कि कुछ दिन पहले खराब मौसम के कारण बिजली विभाग को 45 लाख का नुकसान हुआ है। एक दिन में 300 बिजली खंभे और 50 ट्रांसफॉर्मर क्षितठास्त, 5 किलोमीटर केबल प्रभावित हुई है।जिसे दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है।

श्री बद्रीनाथधाम नटवाड़ा मंदिर के खोले दान पात्र

- दोनों दाप पात्रों से प्राप्त हुई 2 लाख 62 हजार रुपए की राशि

बद्रीधाम नटवाड़ा में दान पात्र से निकाली राशि की गणना करते तहसीलदार नरेश गुर्जर व ट्रस्ट के पदाधिकारी व ग्रामीण।

निवाई। नाटेश्वर नगरी श्री बद्रीनाथधाम नटवाड़ा में उपखंड प्रशासन के आदेशानुसार तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर के सानिध्य में दो दान पात्रों को खोला गया। दोनों दान पात्रो से 2 लाख 62 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई जिसको श्री बद्रीनाथ प्रबंध एवं विकास समिति (ट्रस्ट) के बैंक खाते में जमा करवाई गई है।

श्री बद्री विशाल मंदिर में यह पात्र पिछले 4 साल से बंद थे। दान पात्रों को खोलने के लिए शुक्रवार को निवाई तहसीलदार नरेश गुर्जर मय पुलिस जाप्ते के मंदिर पहुचे मंदिर में तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की 5 सदस्यीय टीम ने श्री बद्रीनाथ प्रबंध एवं विकास समिति (ट्रस्ट) के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों के समक्ष दान पात्रों को खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दान पात्रों की चाबी मिलने के कारण दोनों दान पात्रों का ताला खोलने के लिए मिस्त्री को बुलाकर ताला खुलवाया गया वही एक दानपात्र स्टील की रेलिंग के सहारे फिक्स होने के कारण लोहा कटर से काटकर अलग किया गया। इसके बाद राजस्थान ग्रामीण बैंक की सहायक प्रबन्धक टीना जैन की मौजूदगी में दान पात्रों से प्राप्त दान राशि की गणना की। गौरतलब है कि मंदिर के अंतिम महंत तेजभारती गोस्वामी का 19 जनवरी 2021 को देहान्त होन के बाद से ही विभिन्न पक्षों द्वारा मंदिर की देखरेख के लिए कोर्ट में प्रकरण विचारधीन है।

चोरी का आरोपी नागौर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

सांभरझील, (निसं)। दूदू पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक अभियुक्त को नागौर सब जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किया गया अभियुक्त तारीफ उर्फ तारीख खान पुत्र जैनू खान जाति कायमखानी (38) निवासी कायमखानी मौहल्ला कुचेरा पुलिस थाना कुचेरा जिला नागौर कर रहने वाला पुलिस की ओर से बताया गया है। थाना अधिकारी दूदू मुकेश कुमार ने बताया कि चार मई को ओम बन्ना होटल, रिको एरिया कस्बा दूदू से एक मोटर साईकिल चोरी हो गई थी। घटना के संबंध में फरियादी रामचरण जाट पुत्र सोहनलाल निवासी कांकरिया की ढाणी नरैना थाना नरैना द्वारा पुलिस थाना दूदू पर रिपोर्ट देकर जानकारी बताई थी। दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा मालूमात किया तो अभियुक्त तारीफ उर्फ तारीख खान द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करना पाया गया जो वर्तमान में जिला कारागृह नागौर में बंद होना मालूम हुआ। अभियुक्त को जिला कारागृह नागौर से प्रोडेक्शन वारण्ट पर प्राप्त कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात करना स्वीकार किया।

साइड नहीं देने पर की फायरिंग, तीन गिरफ्तार

अलवर। अरावली विहार थाना पुलिस ने उन 3 युवकों को गिरफ्त में लिया जिन्होंने 27 फरवरी को केवल साइड नहीं देने की बात पर व्यक्ति के घर जाकर जानलेवा हमला किया। ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने अब तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पिस्टल व कारतूस भी बरामद किए हैं। कोर्ट में पेश कर पांच दिन रिमांड पर लिया है।

थाना प्रभारी रामेश्वर लाल ने बताया कि 27 फरवरी 2025 को रूपवास रेलवे फाटक के पास साइड देने की बात को लेकर दीपचंद मीणा और आरोपी अनुराग केतन के बीच कहासुनी हो गई थी। इस मामूली विवाद ने बाद में रंजिश का रूप ले लिया।इसके बाद अनुराग केतन ने अपने साथी परमजीत गुर्जर के साथ मिलकर दीपचंद के मकान पर जाकर फायरिंग की और मौके से फरार हो गए।

जवराते, नकदी व बाइक चुराई

रुदावल (निस)। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव जरीला में चोर एक मकान से 3.50 लाख रुपए के गहने और 12 सौ रुपये व बाइक चोरी कर ले गए। घटना से पहले चोरों ने घर में सो रहे परिजनों के कमरे की बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया। सुबह जब वह सोकर उठे तो, घटना का पता लगा। चोरी की वारदात की सूचना पर पुलिस, डॉग स्क्वायड की टीम और एमओबी की टीम मौके पर पहुंची।

घटना की सूचना पर विधायक डा. ऋतु बनावत ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और एएसपी व सीओ से बात कर जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। घटना को लेकर पीड